15/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

सतहत्तरवां थल सेना दिवस आज गर्व एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर सेन्य कर्मियों और पूर्व सैनिकों शुभकामनाएं दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में सेना की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र मातृभूमि की सेवा में उनके द्वारा दिए गए बलिदान को कृतग्यता के साथ याद करता है। राष्ट्रपति ने संकट और आपदाओं के दौरान भारतीय सेना के मानविय कार्यों की सराहना भी की।

000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत विस्तारवाद नहीं बल्कि विकास की भावना से काम कर आगे बढ रहा है। उन्होने कहा कि भारत ने सदैव खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। श्री मोदी ने आज मुंबई में नौसेना गोदी मे तीन प्रमुख नौसेनिक युद्धपोतों आई.एन.एस सूरत, आई.एन.एस नीलगिरि और आई.एन.एस वाघशीर का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि, तीनों अग्रणी युद्धपोत भारत में ही निर्मित है। इससे भारत, भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल में वैश्विक भरोसा बढा

है। प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढाने के लिए सशस्त्र बलों को बधाई दी है।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज दरबार हॉल, राजभवन, ईटानगर में आयोजित 22वें राज्य पुरस्कार समारोह में स्काउट्स और गाइड्स को भारत स्काउट्स और गाइड्स राज्य पुरस्कार प्रदान किया। इस वर्ष का राज्य पुरस्कार 21 स्काउट्स और 22 गाइड्स को प्राप्त हुआ हैं। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल ने, जो भारत स्काउट्स और गाइड्स राज्य संघ के मुख्य संरक्षक भी हैं, पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार समाज की सेवा के प्रति उनके समर्पण, कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत स्काउट्स और गाइड्स राज्य पुरस्कार सिर्फ एक मान्यता नहीं है बल्कि और अधिक उत्साह के साथ आगे भी सेवा करते रहने की जिम्मेदारी है। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को अनुशासन, सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने और एक मजबूत, एकजुट और विकसित भारत के लिए काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री पी.डी. सोना, स्कूल शिक्षा निदेशक एवं राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ, श्री मार्केन कादू और राज्य सचिव बी.एस.जी. श्री शेहांद रोनरांग ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

000000000000000000000

अपर सियांग जिले के मोसिंग गांव के गांव बुराह बिगोंग तेदो को अपने खेतों में काम करने के दौरान नीओलिथिक काल का पत्थर का एक औजार मिला है। श्री तेदो ने इस औजार को राजीव गांधी विश्वविद्यालय के अरुणाचल जनजातीय अध्ययन संस्थान (AITS) को इस उम्मीद में सौंप दिया गया है कि, अरुणाचल की अनूठी और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के बारे में और अधिक जानने के लिए विद्वान द्वारा इसका अध्ययन किया जाएगा। RGU की ओर से नीओलिथिक स्टोन टूल को स्वीकारते हुए, AITS के निदेशक प्रोफ़ेसर जुम्यिर बासार ने सांस्कृतिक विरासत संरक्षण में उनके योगदान के लिए मोसिंग के गांव बुराह बिगोंग तेदो एवं उनके परिवार को धन्यवाद देते हुए यह पुष्टि की कि इसे AITS जनजातीय विरासत संग्रहालय में रखा जाएगा।

000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के बामिन गांव के निवासी श्री तायिंग तादुक एवं उनकी पत्नी श्रीमती याले तादुक ने गत मंग्लवार को अपने खेत से एक एशियाई पैंगोलिन को उसके बच्चे समेत पकड़ा और उसे अंचलघाट वन्यजीव रेंज, डी. ईरिंग मेमोरियल वन्यजीव अभयारण्य पासीघाट के रेंज वन अधिकारी श्री ओरिन परमे, को सौंप दिया। बाद में वन्यजीव अधिकारियों द्वारा पैंगोलिन को उसके पैंगोपप के साथ अभयारण्य क्षेत्र के अंदर छोड़ दिया गया। एशियाई पैंगोलिन (फिलीपींस) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 में सूचीबद्ध है और IUCN की रेड लिस्त में लुप्तप्राय प्रजाति हैं। रेंज वन अधिकारी, श्री ओरिन परमे

ने तादुक दमपति का उनके इस सराहनीय कार्य के लिए सराहना कर सीमांत गांवों के सभी ग्रामीणों से आगे आकर वन्यजीवों के संरक्षण में मदद करने और अभयारण्य क्षेत्र में और इसके आसपास वन्यजीव अपराध को नियंत्रित करने की अपील की है।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखंड में होने वाले आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों में अरुणाचल प्रदेश बैडमिंटन टीम का प्रतिनिधित्व राज्य के शीर्ष शटलर ला तालार करेंगे। इस खबर पर प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ला तालार और राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले शटलरों की टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

000000000000000000000

भव्य और दिव्य महाकुंभ दुनियांभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसका हिस्सा बनने के लिए 10 देशों का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कल संगम में पवित्र स्नान करेगा। विदेश मंत्रालय द्वारा आमंत्रित ये प्रतिनिधिमंडल आज पहुंच रहें हैं। ये प्रतिनिधिमंडल महाकुंभ मेला क्षेत्र का भी दौरा करेगा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल में फिजी, फिनलैंड, गुयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद और टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात के प्रतिनिधि शामिल हैं।

0000000000000000